Title: Urged the government for proper underground laying of cables in Maharashtra.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : महोदय, पूरे देश में विशो रूप से महाराट्र में दूर संचार विभाग द्वारा अंडरग्राउंड केबल बिछाने का काम चालू है लेकिन उस केबल की क्वालिटी ठीक नहीं है। वह जितनी खुदाई करके बिछाना चाहिए, उतनी खुदाई करके बिछाया नहीं जाता। केबल पर सुरक्षा पट्टी का निर्माण ठीक से नहीं बनाया गया है। अंडरग्राउंड केबल बिछाने का काम ठीक तरह से होना चाहिए। मेरे क्षेत्र में भी ठीक से काम नहीं हो रहा है। इससे वहां टेलीफोन व्यवस्था ठप्प होने की आशंका है। जैसे सुखराम जी के समय टेलीफोन सप्लाई किये गये थे, वे सब खराब हो गये वैसा अब नहीं होना चाहिये। इस पर सरकार का काफी पैसा खर्च हो रहा है। मेरा आग्रह है कि केबल बिछाने का काम ठीक से होना चाहिए। आप इसके लिए केन्द्र सरकार के संबंधित अधिकारी को निर्देश दें।